


वर्ष 1 - अंक 82

शनिवार 22 फरवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4

RNI - NO. MPHIN/2015/64585


# रणजीत टाइम्स

# मंडी सचिव नरेश परमार से मंडी को लेकर खास चर्चा रणजीत टाइम्स द्वारा




आदित्य शर्मा, 8224951278

सहसंपादक रणजीत टाइम्स


» **रणजीत टाइम्स** - आप के द्वारा मंडी में क्या क्या सुविधा दी गई है।

» **सचिव** - हमारे द्वारा मंडी प्रांगण में मूलभूत सुविधाएं सभी दी जा रही हे पानी छाया शौचालय स्वच्छता सभी चीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

» **रणजीत टाइम्स** -क्या मंडी में प्लास्टिक पन्नािया पूर्णतः बंद हो चुकी हे या नहीं

» **सचिव** - इंदौर शहर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक पूर्णत बैन हे उसी को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा शक्त निर्देश दिए गए हे कि मंडी में किसी के भी द्वारा प्लास्टिक पन्नी का प्रयोग किया जाएगा उसपर नगर निगम द्वारा कारवाही की जाएगी।

» **रणजीत टाइम्स** -व्यापारियों और किसानों को मंडी द्वारा क्या क्या सुविधा दी जा रही है।

» **सचिव** - व्यापारी और किसान को मंडी तरफ से जो मूलभूत सुविधा दी जा रही हे वो




दी जा रही वही ट्राफिक के लिए भी हम लगातार प्रयास करते हे वही हमारी सब्जी मंडी हे जो चौबीस घंटे चालू रहती हे तो हमारे अमले के द्वारा लगातार उनको प्रवेश देना खाली होने के बाद बहार निकालना वही जहां जहां गंदगी हे उसे निगम के माध्यम से साफ कराया जाता है।

» **रणजीत टाइम्स** - अवैध दुकानों को लेकर क्या रणनीति बनाई है।

» **सचिव** - 20 से 22 दुकानें अवैध थी जिन्हें हमारे द्वारा कारवाही कर हटा दिया गया हे कही जगह जाली भी लगी थी उन्हें भी हटा दिया गया हे वही आप के माध्यम से पता लगा हे कुछ और दुकानें भी मौजूद हे उन्हें भी कारवाही कर हटा दिया जायेगा

» **रणजीत टाइम्स** - किसानों को मंडी द्वारा मात्र पांच रुपए में भोजन दिया जाता हे वो किस प्रकार की सुविधा है।

» **सचिव** - मंडी द्वारा किसानों को पांच रुपए में भोजन दिया जाता जिसमें आवक गेट पर टोकन दिया जाता उससे किसान मात्र पांच रुपए में भोजन कर सकता हे एवं भोजन के लिए मंडी प्रांगण में केंटीन संचालित हे जिसमें टोकन के माध्यम से पांच रुपए में भोजन कर सकते हे एवं वही आप के द्वारा भी आग्रह करेंगे कि जो भी किसान पांच रुपए में भोजन करना चाहता हे वो आवक गेट से टोकन ले कर भोजन कर सकता है।

## इंदौर पुलिस ने होटल एसेंशिया में मॉक ड्रिल कर, परखी वहां की सुरक्षा व्यवस्था

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

इन्दौर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) अंकित सोनी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा आज दिनांक को होटल एसेंशिया इंदौर में किसी आपातकालीन



स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई। इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा श्री अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी श्री खालिद मुश्ताक के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस टीम ने, थाना तिलक नगर एवं होटल एसेंशिया के सुरक्षा स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/ लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा वहा की सुरक्षा के संबंध में स्टाफ के साथ बात की तथा उन्हें ऐसी परिस्थिति में क्या करे और क्या न करें आदि महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

## झूठी FIR के विरोध में हुआ प्रदर्शन



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

इन्दौर। हिन्दूवादियों पर हुई झूठी FIR के विरोध मैं बड़ी संख्या मैं हिंदूवादियों कार्यकर्ताओं ने थाने पर किया प्रदर्शन बड़ी संख्या मैं हिन्दूवादी पहुंचे थे देर रात थाने थाने पर किया प्रदर्शन, पुलिस के खिलाफ की जमकर नारेबाजी जूनी इंदौर थाने पर हुआ प्रदर्शन।



# उप मुख्यमंत्री देवड़ा एवं उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल एवं सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण

**बालाजी भगवान के किए दर्शन और प्रदेश की समृद्धि की कामना की**

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा और उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने छतरपुर के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट कर आगामी 23 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तावित कैंसर अस्पताल के भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री द्वय ने बागेश्वर धाम में बालाजी भगवान के दर्शन किए और प्रदेश की समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी करेंगे कैंसर अस्पताल का भूमि पूजन

बागेश्वर धाम परिसर में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल की स्थापना की जा रही है, जिसका भूमि पूजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 23 फरवरी को करेंगे। इस अस्पताल से प्रदेश के हजारों मरीजों को



उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेंगी। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूर्ण की जाएं।

## 251 कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

बागेश्वर धाम में 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह भी कार्यक्रम 26 फ़रवरी को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु शामिल होंगी। बागेश्वर धाम में आयोजित होने वाले इस भव्य विवाह कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की कन्याओं के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा और उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद श्री मनोज तिवारी, कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल, एसपी श्री अगम जैन, सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



**राहुल गांधी ने रायबरेली में मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री का दौरा किया।**

उन्होंने कहा -रेलवे भारत की लाइफलाइन है, आम जनता की सवारी है। इसे यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने शुक्रवार को इंदौर के भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया





### -देश और प्रदेश की भाजपा सरकार हर गरीब का जीवन बदलने का काम कर रही है
### -श्रद्धेय अटलजी ने कई योजनाओं के माध्यम से देश के विकास को आगे बढ़ाया -श्री हितानंद जी

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने शुक्रवार को इंदौर भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी वर्ष पर होने जा रहे कार्यक्रम को मंडल स्तर तक पूर्ण निष्ठा के साथ आयोजित करना है। साथ ही 23 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुना जाना है। श्री शर्मा ने बैठक में आजीवन सहयोग निधि को लेकर पार्टी पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी वर्ष पर होने जा रहे कार्यक्रम को मंडल स्तर तक आयोजित कर सभी को अटलजी के विचारों को आत्मसात कराना है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी जी के दिखाए मार्ग पर चलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में हर गरीब का जीवन बदलने का काम हमारी सरकार कर रही हैं। श्री हितानंद जी ने कहा कि स्व. अटलजी की सरकार ने अलग से जनजातीय कार्य मंत्रालय बनाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं नदी जोड़ों योजना जैसी अनेकों महत्वपूर्ण योजनाएं देकर आम जन के विकास को आगे बढ़ाने का काम किया था। अटलजी ने परमाणु परीक्षण कर भारत को शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। अब कोई भी दुश्मन देश भारत की तरफ आंख उठाकर भी नहीं देख सकता है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री कृष्णमुरारी मोघे, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री महेंद्र हार्डिया, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता, श्री गोपी कृष्ण नेमा, पूर्व महापौर श्रीमती उमाशशि शर्मा, पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष श्री निशांत खरे, श्रीमती अंजू मखीजा, नगर महामंत्री श्रीमती सविता अखंड,, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री दीपक जैन टीनू,श्री सुधीर कोल्हे,प्रदेश प्रवक्ता श्री नरेंद्र सलूजा, श्री आलोक दुबे सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## कांग्रेस नेता और बाघ पंचायत सरंपच शोहराब पटेल ने किया बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

इंदौर गंधवानी सदर असलम मंसूरी जी के सुपुत्र के विवाह समारोह में सम्मिलित होने जा रहे। प्रदेश कांग्रेस सचिव जनाब हाजी सोहराब पटेल साहब जी के द्वारा अमझेरा पट्टा चौपाटी स्तिथ भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा बख्तावर व चमन क्रिकेट क्लब टीम के खिलाड़ी व अमझेरा पंचायत की और से उप सरपंच अर्जुन मोहनिया द्वारा प्रदेश सचिव हाजी सोहराब पटेल साहब का पुष्प माला द्वारा स्वागत किया ,इस मौके पर अनसार लाला,शेरू भाई,वसीम काजी,शाहबाज उल्लाह,दिलकश(सना),रिन्टु सोनी, रवि बरोड़,दीपक सरगरा,यूसुफ,सेका उस्ताद,अन्ना चाचा,आरिफ,इमरान, शाहिद,सलिम खान,सगीर जीजा,अन्य मौजूद रहे।

## रील लाइफ की चकाचौंध में खोता युवा, असली जिंदगी के मूल्यों पर संकट

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**इंदौर प्रेस क्लब परिसर में अभ्यास मंडल द्वारा 'रियल लाइफ बनाम रील लाइफ' विषय पर युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. पल्लवी आढाव ने अभ्यास मंडल का परिचय दिया, जिसके बाद डॉ. माला सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न महाविद्यालयों से आए युवाओं ने अपने विचार व्यक्त किए और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंतन किया। सोशल मीडिया से मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ रहा।**

युवाओं ने बताया कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर रहा है, विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। आज का युवा रील लाइफ और रियल लाइफ की तुलना में उलझकर आत्मसम्मान और मानसिक संतुलन खो रहा है। भवानी शर्मा ने कहा कि मात्र 30 सेकंड की रील को वास्तविकता नहीं समझना चाहिए, क्योंकि यह केवल दिखावे के लिए होती है। ग्रीष्मा त्रिवेदी ने चिंता व्यक्त की कि आज की युवा पीढ़ी भयावह और अनैतिक रील्स के प्रभाव में अपना जीवन बर्बाद कर रही है। सौम्या कुंभज ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रदर्शित की जाने वाली खुशी अक्सर झूठी होती है, जिससे वास्तविक जीवन में असंतोष बढ़ता है। आदित्य सिंह सेंगर ने कहा कि आज कुछ लाइक्स और शेयर के चक्कर में सामाजिक मर्यादाएं तार-तार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली चीजें वास्तविकता से बहुत दूर होती हैं। इसी क्रम में प्रेरणा जैन, मयंक शर्मा, मिलन सिंह सिसोदिया, कृष्ण अग्निहोत्री, आयुष बिजोनिया, आकाश यादव, धनेश धनगर, फिजा खान, आकाश जुम्बे, नयनी शुक्ला, अंजेश सिंह तोमर और पंकज भट्ट ने भी अपने विचार रखे और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर अपनी राय दी।

### शिक्षाविदों ने दिखाई राह

अंत में शिक्षाविद डॉ. एस.एल. गर्ग, डॉ. ओ.पी. जोशी और स्वप्निल व्यास ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और युवाओं को सोशल मीडिया के सही उपयोग की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन मयंक शर्मा ने किया और अंत में आभार कुणाल भंवर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, अशोक कोठरी, नेताजी मोहीते, शफी शेख, मुरली खंडेलवाल और वैशाली खरे उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को यह संदेश दिया गया कि सोशल मीडिया का उपयोग सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए और वास्तविक जीवन के मूल्यों को किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज

# विश्व मंच पर भारत का उदय

## इंदौर में अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन में हुई बड़ी घोषणाएं

इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन ने 32वें अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन 2025 का उद्घाटन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में किया, जिसमें 3,000 से अधिक उद्योग जगत के अग्रणी, उद्यमी, नीति निर्धारक, अर्थशास्त्री, अकादमिक और छात्र एकत्र हुए। इस सम्मेलन में व्यापारिक विकास, वित्तीय उन्नति, नेतृत्व रणनीतियों और भारत की वैश्विक आकांक्षाओं पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। इस वर्ष का विषय "उद्यमेना ही सिद्ध्यंती" (स्ट्राइव, ड्राइव और थ्राइव) था, जिसे डॉ. संदीप आत्रे ने विस्तार से समझाया और वर्तमान व्यापारिक परिवेश में प्रयास और उपलब्धि की महत्ता पर प्रकाश डाला। सम्मेलन की शुरुआत आध्यात्मिक और शास्त्रीय छवि के साथ हुई, जिसमें सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन किया गया। 2047 तक सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

आईआईएम इंदौर के निदेशक और इंदौर प्रबंधन संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु राय ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भारत के उज्जवल भविष्य पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, जिसे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और उच्च कुशल कार्यबल द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि भारत को अस्थिरता, अप्रत्याशितता, गैर-रेखीयता और अप्रत्यक्षता (BANI विश्व) जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता में कठिन कार्य की महत्ता पर जोर दिया। कठिनाइयों के बीच अवसरों को पहचानो

प्रसिद्ध सर्जन सी. पलानी वेलू ने संघर्ष, आत्मप्रेरणा और अवसरों की महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि उन्होंने कठिनाइयों के बावजूद अवसरों को पहचाना और 40 वर्ष की आयु में चिकित्सा अध्ययन शुरू कर सर्जन बने। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने मूल्यों को न भूलें और अवसरों को स्वीकार करें, न कि भाग्य पर निर्भर रहें। उनका संदेश था कि जीवन को सरल, दृढ़ और संतुलित रखना चाहिए।

### समृद्धि के रास्ते खुलते हैं

योग गुरु स्वामी डॉ. महेश योगी, जिन्होंने 1.51 करोड़ कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है, उन्होंने योग, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और चरित्र के बीच संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि योग अनुशासन और शक्ति प्रदान करता है और देश की आर्थिक प्रगति को नागरिकों के स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों से जोड़ा। उन्होंने युवाओं को योग, मेहनत और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि वे एक संतुलित, उत्पादक और समृद्ध जीवन जी सकें।

# आरोपियों के कब्जे से सोने व चाँदी के आभूषण तथा नगदी सहित करीब करीब 06 लाख रुपये कीमत का माल किया बरामद

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**इंदौर-** शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन 02 श्री अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 02 श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजय नगर श्री आदित्य पटले के दिशा निर्देशन में कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना विजय नगर द्वारा चोरी की घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों के कब्जे से करीब 06 लाख रुपये कीमती के सोने व चाँदी के आभूषण तथा नगदी सहित माल को बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई हैं।



घटनाक्रम- दिनांक 08/02/2025 को फरियादिया रूबी राठौर पति प्रदीप कुमार राठौर निवासी कल्पकामधेनु नगर शहीद पार्क के पीछे इंदौर ने थाना विजय नगर पर रिपोर्ट किया कि दिनांक 08/02/2025 के दोपहर 02/15 बजे के करीब मैं अपने घर के दरवाजे का ताला लगाकर छत पर कपड़े सुखाने के लिये गयी थी करीब आधे घंटे बाद छत पर से नीचे आयी तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तो मैं तत्काल अंदर गयी तो घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था तो मैंने तुरंत अपने पति प्रदीप कुमार राठौर को फोन लगाकर बताया कि अपने घर पर चोरी हो गयी और गोदरेज की अलमारी का लाकर (ताला) टूटा हुआ था तो मैंने उक्त अलमारी के लाकर में सामान चैक किया गया तो मेरे सोने चांदी की पुरानी इस्तेमाली रकमें व नगदी रुपये नहीं थे जो कोई अज्ञात बदमाश दरवाजे का ताला तोड़ कर घर के अंदर घुसकर गोदरेज का लाक तोड़ कर सोने चांदी की रकमें व नगदी रखे रुपये चुराकर ले गया।

पुलिस कार्यवाही- उक्त घटना पर विजय नगर पुलिस द्वारा अपराध धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विजय नगर पुलिस द्वारा सीसीटीव्ही फुटेजों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पहचान करते आरोपियों की पहचान दीपक उर्फ गजनी फरकरे निवासी 214 रामकृष्ण बाग कॉलोनी इंदौर एवं कृष्णाराम निवासी पटेल नगर खजराना इंदौर का होना पता चला।

जिस पर उक्त आरोपी की पतारसी एवं चोरी गया मश्रुका बरामद करने हेतु पुलिस टीम को गठित किया गया उक्त पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपी दीपक उर्फ गजनी एवं कृष्णाराम को गिरफ्तार किया गया एवं दोनों आरोपियों के कब्जे से अपराध सदर का सम्पूर्ण मश्रुका कीमती करीब 06 लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण व नगदी रुपये का बरामद किया गया। प्रकरण में विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। आरोपी का पुलिस रिमाण्ड लिया जाकर अन्य मामलों में पूछताछ की जा रही है।

तरीका बारदात-

शातिर अपराधी सूने घरों की रैकी करके मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे, ऐसे ही फरियादिया का सूना घर देख चोरी की घटना की थी।

पुलिस टीम -उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय नगर चन्द्रकांत पटेल के नेतृत्व में सउनि राजवीर सिंह मावई, सउनि किशोर खेड़कर, सउनि भूपेन्द्र सिंह गुर्जर, प्र.आर. राकेश मावी, आर. लोकेन्द्र सिंह खींची, आर. कपिल सोनानिया, आर. योगेन्द्र सिंह गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।